

## एक नजर में

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**इटारसी।** बाबा गोदड़ी वाला धाम द्वारा संचालित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, इटारसी की सिंधी कॉलोनी शाखा ने 5 सितंबर, शुक्रवार को ग्राम बीसारोड़ा के पंचायत भवन में एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आंखों की समस्याओं से जूझ रहे लोगों को मुफ्त जांच और इलाज की सुविधा प्रदान करना है जिसमें विशेष रूप से, मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की पहचान की जाएगी। जिन मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चुना जाएगा, उन्हें 14 सितंबर को एक विशेष बस द्वारा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, बैरागढ़ ले जाया जाएगा। सेवादार सन्मुखदास सत्री चेलानी ने बताया कि यह पूरी सेवा बिलकुल मुफ्त होगी, जिसमें आने-जाने का खर्च, ऑपरेशन, रहने-खाने की व्यवस्था और दवाइयां, यहां तक कि लेंस भी शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए सरपंच के नंबर 8839351495, राधिका तिलोतिया 9926328153, सन्मुखदास सत्री चेलानी 9644015903 और अन्य 9171253078 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### खगोलीय मॉडलों पर शिक्षकों की तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

**नर्मदापुरम** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु नर्मदापुरम के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवाचारी खगोलीय मॉडलों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से विज्ञान लोकप्रियकरण एवं सामाजिक शोध संस्था रायसेन द्वारा आयोजित की जा रही है।उद्घाटन सत्र में संयुक्त संचालक डॉ. मनीष वर्मा ने आर्यभट्ट की खगोल विज्ञान में योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि क्रियाशील मॉडलों से विद्यार्थी जटिल खगोलीय अवधारणाओं को आसानी से समझ सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे समर्पित भाव से कार्य कर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत निर्माण हेतु प्रेरित करें।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर हुए विचार साझा

सरकारों का ध्यान शासन से हटकर चुनाव प्रचार पर केंद्रित होना, 'मुफ्तखोरी' की राजनीति और आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यों में रुकावट। यह गोष्ठी इस संदेश के साथ समाप्त हुई कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक ऐसा कदम है जो देश के हित में है और राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद जरूरी है।

**एक राष्ट्रवादी विचार और परामर्श सम्मेलन**




**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 01 सितम्बर** यहां के पंडित भवानी शंकर मिश्रा ऑडिटोरियम में सोमवार दोपहर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक राष्ट्रवादी विचार और परामर्श सम्मेलन में कई प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भारत के चुनावी इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1951 से 1967 तक, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे और मतदाताओं ने 1952, 1957, 1962 और 1967 में एक ही समय पर केंद्र और राज्य दोनों के लिए मतदान किया था। उन्होंने यह भी कहा कि 1968-69 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने हरियाणा और केरल विधानसभा को भंग कर संविधान को नुकसान पहुंचाया, और 1970 में लोकसभा को भी समय से पहले भंग कर 1971 में नए चुनाव कराए गए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने इस विचार गोष्ठी में अपनी बात रखते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों और पूर्व न्यायाधीशों ने भी एक देश में एक चुनाव को आवश्यक बताया है। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से देश का पैसा बचेगा और कर्मचारियों तथा अधिकारियों को बार-बार चुनाव की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

**लागत और दक्षता** - बार-बार होने वाले चुनावों से आर्थिक बोझ कम होगा और सरकारी खर्चों में बचत होगी। शासन और स्थिरता = लगातार चुनावी माहौल से मुक्ति मिलेगी, जिससे सरकारें अपनी नीतियों और विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी।

**आर्थिक लाभ** - राजनीतिक स्थिरता से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।

**मतदाता भागीदारी** - बार-बार मतदान करने से होने वाली मतदाता थकान कम होगी और मतदान प्रतिशत बढने की संभावना है।

**वर्तमान प्रणाली की समस्याएं** - वक्ताओं ने मौजूदा चुनावी प्रणाली की समस्याओं पर भी बात की, जैसे कि सरकारों का ध्यान शासन से हटकर चुनाव प्रचार पर केंद्रित होना, 'मुफ्तखोरी' की राजनीति और आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यों में रुकावट। यह गोष्ठी इस संदेश के साथ समाप्त हुई कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक ऐसा कदम है जो देश के हित में है और राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव, राजो मालवीय, पूर्व विधायक ओम रघुवंशी, सविता दीवान शर्मा, नगर मंडल भाजपा इटारसी के अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटैल सहित अनेक नेता, भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


### सभी शासकीय कार्यालयों में ई ऑफिस सिस्टम से ही कार्य किया जाए

**नर्मदापुरम** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वह शासकीय पत्राचार, फाइल नोट शीट, एवं अन्य सभी फाइल मूवमेंट ई ऑफिस सिस्टम से करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि किसी भी स्थिति में ऑफलाइन कार्य न किया जाए और ना ही ऑफलाइन फाइल ली जाए। सभी पत्राचार ऑनलाइन रहे।

ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही सभी फाइलें ली और दी जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने आईटीआई महाविद्यालय में रिक्त सीटों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि आईटीआई महाविद्यालय में 1 सितंबर से छात्रों के एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं जो 10 सितंबर तक चलेंगे। उन्होंने निर्देश दिए की जिस ट्रेंड में सीटे खाली हैं उसकी जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और उस ट्रेंड में विद्यार्थियों के प्रवेश सुनिश्चित किए जाएं। बताया गया कि आईटीआई महाविद्यालय में लगभग 70त्न सीटे भरी जा चुकी है लेकिन वर्तमान में नर्मदापुरम जिले के विभिन्न आईटीआई महाविद्यालय में 217, बैतूल जिले में 209 और हरदा जिले में 42 सीटे अभी खाली हैं। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर विद्यार्थियों के प्रवेश सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

# एनएच 47 पर ट्राले की टक्कर से घायल आठ मवेशी हुए मृत

**पुलिस मौके पर पहुंची, जांच शुरू**



**नवभारत न्यूज**

**हण्डिया 1 सितम्बर** हण्डिया पुलिस थाना क्षेत्र के कोलीपुरा नेशनल हाईवे 47 पर शाम को हरदा से इंदौर की ओर जा रहे सरिया से भरे ट्राले ने मार्ग पर बैठी आठ मवेशी जानवरों को जोरदार टक्कर मारी जिससे मौके पर ही 8 मवेशी जानवरो कि दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही हण्डिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुँच लोहे के सरिया से लदी ट्राले को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। हण्डिया थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि सभी मृत पशुओं का पीएम किया जायेगा। फिलहाल सरिया से लगे ट्राले को अपने कब्जे में ले लिया है और बारीकी से पुलिस तहकीकात कर रही है

### आज विभिन्न क्षेत्रों में रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**नर्मदापुरम** प्रबंधक शहर जोन-1 म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि 02 सितंबर 2025 तक 11 केव्ही लाईन, ग्वालटोली सबस्टेशन मेंटेनेंस का किया जाना है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बताया गया कि 02 सितंबर 2025 को प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 बजे तक शहर जोन-1 क्षेत्र अंतर्गत ग्वालटोली सबस्टेशन अंतर्गत सिधी कालोनी, संजय नगर, आदमगढ़, नुक्कड चौक,लश्कर चौक, सात इमली, काली मंदिर,फूल बगीचा, रेल्वे पुलिया, पन्नी मोहल्ला, किरन होटल, सात इमली आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# सेवा भारती भजन मंडली ने प्रस्तुत किए मधुर भजन

भजन का अर्थ सिर्फ गीत गाना नहीं, बल्कि मन की शुद्धि है। भजन के दौरान बजाई जाने वाली ताली और मंजीरे से कई शारीरिक और मानसिक लाभ मिलते हैं।

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 01 सितम्बर 2025** सेवा भारती भजन मंडली, पीपल मोहल्ला द्वारा एक मधुर भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भजन मंडली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया, जिसके बाद अतिथियों द्वारा मंडली की 16 सदस्यों को साडियां भेंट की गईं। इस अवसर पर पार्षद कीर्ति दुबे ने ढोलक बजाकर भजन की प्रस्तुति दी। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल (सांवरिया) ने भजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका अर्थ सिर्फ गीत गाना नहीं, बल्कि मन की शुद्धि और हर कार्य में प्रभु को याद करना है। उन्होंने यह भी बताया कि भजन के दौरान बजाई जाने वाली ताली और मंजीरे से कई शारीरिक और मानसिक लाभ मिलते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भारती भजन मंडली की प्रमुख ललिता पाठक का विशेष योगदान रहा। पूर्व पार्षद रेखा मालवीय ने भजन मंडली के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल (सांवरिया), देवेंद्र पूर्णकालीक, पार्षद कीर्ति दुबे, पूर्व पार्षद रेखा मालवीय और अंजू अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सनाढ्य ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष बने पस्टारिया

**हरदा** शहर के गोलापुरा मोहल्ले के श्रीराम मंदिर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक उमेश तिवारी ने की गई। जिसमें समाजिक और आगामी आयोजकों को लेकर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से संजय पस्टारिया को जिलाध्यक्ष एवं युवा संगठन का अध्यक्ष राहुल उपमन्यु को बनाया गया है।

# न्यायाधीश ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 01 सितम्बर** प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी ने सोमवार को जिला जेल, हरदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने जिला जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिक एवं पुरुष व महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों को प्राप्त होने वाली मूलभूत सुविधाएं रसोई घर, पीने के पानी, बैरकों में साफ-सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं, भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया व आवश्यक निर्देश प्रदान किए । निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि जेल में कुल 288 दंडित एवं विचाराधीन बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें से 281 पुरुष एवं 7 महिलाएं हैं जबकि जेल में 90 बंदियों की क्षमता हैं। जेल में क्षमता से अधिक बंदी निरूद्ध है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान 7 बंदी ऐसे पाये गये, जिनके प्रकरणों में अधिवक्ता उपलब्ध नहीं थे, जिस पर तत्काल जेल लीगल एड क्लीनिक नामांकित पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से नियमानुसार आवेदन पत्र लेकर उन्हें नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गयी। निरीक्षण के दौरान बंदियों से पृथक-पृथक व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याओं को जाना और नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एस.के. भदकारिया, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती मनीषा यादव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, इटारसी पुलिस ने आज 18 बंगला क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 14,000 रुपये कीमत की 25 लीटर देशी प्लेन मदिरा जब्त की है। थाना इटारसी से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 18 बंगला क्षेत्र में दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। सूचना की पुष्टि के लिए वरिष्ठ आरक्षक शाकिर खान और आरक्षक मुकेश झाड़े ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया, जबकि दूसरे को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने अपना नाम विशाल पिता राजा घावरी (उम्र 27 साल, निवासी व्यास कॉलोनी, इटारसी) बताया। उसके कब्जे से 140 देशी प्लेन मदिरा के क्वाटर जब्त किये.

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जलाया सीएम का पुतला

**इटारसी।** रतलाम में वोट अधिकार यात्रा के दौरान जीतू पटवारी पर हुए कथित हमले के विरोध में सोमवार को इटारसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। जयस्तंभ चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन कर बीजेपी और मोहन सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए।

# बस स्टैंड पर बस नहीं आने से यात्री परेशान

**नवभारत समाचार**

**हण्डिया 1 सितम्बर** हरदा-देवास दो जिलों की सीमाओं को जोड़ने बाला नर्मदा नदी का पुराने ब्रीज का मरम्मत कार्य कराये जाने को लेकर पिछले एक सप्ताह से पुल कि मरम्मत कार्य करने बाली कम्पनी ने पुल से सभी यात्री बसे व अन्य भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। इसी तारतम्य में हंडिया बस स्टैंड पर यात्री बसों का आवागमन बन्द रहने से हंडिया तहसील क्षेत्र के सभी ग्रामीणजनों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। यात्री बसों के लोकल परमीट होने के बाद भी वह सीधे नेमावर देवास के इन्दौर रूटों पर निकल जाती है। जिससे बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा रहता है।

# पासी समाज ने मनाया जरायम पेशा कानून मुक्ति दिवस




**नवभारत न्यूज**

**इटारसी/नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय पासी समाज संगठन ने रविवार को जरायम पेशा कानून मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान सभा सदस्य एवं प्रथम सांसद मसूरियादीन पासी के योगदान को याद किया गया, जिन्होंने समाज को जरायम पेशा कानून से मुक्ति दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। नर्मदापुरम स्थित एक गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने की। विशेष अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय पासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद बावरिया मौजूद रहे। समारोह में शिक्षा, खेल, कला, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्मदापुरम जिले के इटारसी, बांद्राबांध, रायपुर, मालाखेड़ी, आरी, सिवनी मालवा सहित अन्य क्षेत्र से आए प्रतिभागियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पासी समाज की ओर से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा का भी अभिनंदन किया गया।

### यातायात मार्गों पर जिक जेड प्वाइंट व्यवस्था बनाई

**पिपरिया** स्टेशन रोड पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारो को देखते हुए मार्ग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिये जिक जेड प्वाइंट तैयार किये गये है।

मोहित कुमार यादव के निर्देशन में टीआई आदित्य सेन की टीम ने थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आगामी त्यौहारो को देखते हुए यातायात मार्ग व्यवस्था के अंतर्गत जिक जेड प्वाइंट को सुनिश्चित करके तेज गति से दौड रहे वाहनो की गति पर रोक लगाने के लिये पुलिस द्वारा ड्रम को तैयार करके जिक जेड प्वाइंट तैयार किये गये है

# भाजपा महिला मोर्चा ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 01 सितम्बर** राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं, वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ चल रही इस यात्रा में पिछले दिनों कांग्रेस और आरजेडी के संयुक्त मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ के लिए गालियों का प्रयोग किया गया जिसके बाद से भारतीय जनता पार्टी भड़की हुई है और प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में आज सोमवार को इटारसी के जयस्तंभ चौक पर भाजपा महिला मोर्चा ने जंगी प्रदर्शन किया। जयस्तंभ चौक पर राहुल गांधी का पुतला जलाया गया।

**राहुल गांधी माफ़ी मांगो के नारे लगे** - भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसं माया नारोलिया ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने कभी नारी शक्ति का सम्मान नहीं किया कभी उसके नेता महिलाओं को बोरों में भरने की बात करते हैं तो अब उनके नेता प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माँ को गाली दे रहे हैं, भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का डीएनए ही ऐसा हो गया है कि वे नारी शक्ति को सम्मान की नजर से नहीं देख पाते, वे गुंडागर्दी पर उतारू हो गए हैं देश की जनता उन्हें माफ़ नहीं करेगी। देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ़ नहीं करेगी भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के नेता कभी महिलाओं को शराबी कहते हैं, उन्होंने कहा कि माँ किसी की भी सम्मानीय होती है लेकिन कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है इस बार तो कांग्रेस ने सीमा ही लाँघ दी है प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माँ को गाली दी इसके लिए पार्टी को माफ़ी मांगनी होगी। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, नर्मदापुरम नपा अध्यक्ष नीतू यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजो मालवीय आदि उपस्थित थे.

### नरेंद्र रघुवशी पर झूठे मामले को निरस्त कराने की मांग

**सिवनी मालवा 01 सितम्बर** सिवनी मालवा थाने में नरेंद्र रघुवशी पर एसडीएम के द्वारा कराए गए झूठे मामले को निरस्त कराने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा के नेतृत्व में एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन एसडीपीओ महेंद्र सिंग चोहान को सौपा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने बताया कि नरेंद्र रघुवशी ने यूरिया की काला बाजारी, मूंग खरीदी मैं भ्रष्टाचार सहित अवैध कालोनी और अनुमति मैं साँठगाँठ कर कालोनियों के स्टाम्प चोरी के मामले को उजागर किया जा रहा था जिससे परेशान होकर द्वेषपूर्वक कार्यवाही की गई जो की अनैतिक है जिसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष हैरिसन स्वामी, जिला समन्वयक आकाश दार ने बताया की तहसील मैं नरेंद्र के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत लगातार जानकारी माँगी जा रही थी जिसको लेकर झूठी कार्यवाही कराई गई। दीपिक दीक्षित और अयूब अली ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन को लेकर भी बड़े भ्रष्टाचार को उजागर किया गया है जिससे परेशान होकर झूठी कार्यवाही की गई।

# जिला भाजपा में 5 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री नियुक्त



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 01 सितम्बर** भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसमें 5 उपाध्यक्ष, चार महामंत्री, 8 मंत्री व एक कोषाध्यक्ष शामिल हैं। जिलाध्यक्ष ने जगदीश सोलंकी, प्रहलाद पटेल, गयाप्रसाद पांडे, सुधीर सोनी, विनीत गीते को उपाध्यक्ष, बसंत सिंह राजपूत, राजेश गोदारा, मनीष निशोद को महामंत्री, विजय पटेल, अखिलेश बांके, निशा दुबे, रुकमणी गौर, प्रीति गहलोद, बिन्दु गुर्जर, सपना अग्रवाल, पूजा शर्मा को मंत्री तथा समर्थ सिंहल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### फिट इंडिया एक घंटा खेल मैदान में निकाली रैली

**पिपरिया** राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंदजी की 120 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक फिट इंडिया एक घंटा खेल के मैदान में अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल गतिविधियों को लेकर समंवयक प्रीतमसिह पुर्विया ने बताया कि रविवार को संडे आन साईकिल रैली एवं खिलाडियों की पैदल रैली का आयोजन शिक्षा विभाग व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया।

# डोल में विराजे भगवान गाजे-बाजे के साथ जल विहार करने निकले

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 01 सितंबर 2025,** सिवनी मालवा तहसील में निकलने वाले डोल सबसे ज्यादा प्रसिद्द है। यहाँ के डोल देखने दूर दूर से लोग आते है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डोल निकालने की परंपरा निरन्तर जारी है। सिवनी मालवा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में उत्साह व श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से डोल निकाले जाते है जबकि सिवनी मालवा नगर में डोल ग्यारस पर हो डोल निकाले जाते है इसी श्रृंखला में राधाष्टमी और नवमीं तिथियों पर ग्राम लोधड़ी, ग्राम बी जमानी, ग्राम बावडीया भाऊ में डोल उत्सव मनाया। डोल में विराजे भगवान गाजे बाजे के साथ मुख्य मार्गों से जलविहार करने निकले। जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी, मोर मुकुट बंसी वाले की जय के जयघोष साथ विमान में विराजमान भगवान की जगह जगह पूजन कर आरती उतारी और दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। ग्राम बी जमानी में राधाष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण का विमान निकाला गया। ग्राम के गोस्वामी परिवार द्वारा परम्परागत करीव दस दसकों से भगवान श्री कृष्ण का विमान तैयार कर निकाला विमान ग्राम की गलियों से होकर निकला जिसमें



विराजे भगवान के ग्रामीणों ने दर्शन किये और जगह जगह पूजन कर आरती उतारी। इसी प्रकार ग्राम बावडीया भाऊ में भगवान श्री कृष्ण का विमान उत्सव भव्यता के साथ मनाया। ग्राम में राधा कृष्ण मंदिर एवं पांडववंशी राजपूत समाज के द्वारा आकर्षक साज सज्जा के साथ तैयार किये गए विमान में भगवान श्री कृष्ण को विराजमान किया आरती पूजन के साथ प्रमुख मार्गो से होकर चल समारोह निकाला गया। महिलाओं ने पूजन कर आरती उतारी ओर यशोदा माता की गोद भराई की। रात्रि में भजन मंडलों द्वारा श्रीकृष्ण भगवान के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। ज्ञात हो कि भगवान के डोल निकलने की परंपरा कृष्ण जन्माष्टमी के बाद आने वाली एकादशी, जिसे डोल ग्यारस या परिवर्तिनी एकादशी कहते हैं, के दिन से चालू है। यह परंपरा श्रीकृष्ण के जन्म के अठारहवें दिन माता यशोदा द्वारा किए गए जल पूजन घट पूजन की याद में मनाई जाती है। डोल ग्यारस जलवा पूजन यह एकादशी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के अठारहवें दिन मनाई जाती है।

### एड्स जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित हुई

**नर्मदापुरम** मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल एवं सीएमएचओ, नोडल अधिकारी टीबी-एचआईवी नियंत्रण समिति नर्मदापुरम के निर्देशानुसार जिले में सघन जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय एड्स जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन क्रमश: सोहागपुर सुखतवा माखननगर में डॉ. कल्याणी यादव (बीएमओ) की अध्यक्षता में हुआ।